आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

नर्मदा जयंती

● वर्ष- 16 अंक 8 ● कटनी ● मंगलवार, 8 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



# बर्फीले तूफान की चपेट में आए सेना के 7 जवान

## अरुणाचल प्रदेश के कामेंग सेक्टर में बड़ा हादसा



रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के कामेंग सेक्टर के ऊंचाई वाले इलाके में भारतीय सेना का एक गश्ती दल हिमस्खलन (एवलॉन्च) की चपेट में आ गया। इसमें 7 जवानों के फंसे होने की खबर है। घटना रविवार की है। सेना ने एक बयान में कहा कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से भारी बर्फबारी के साथ खराब मौसम की सूचना मिल रही है। जवानों को सुरक्षित निकालने के लिए सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### हिमस्खलन से पहले भी हुए हैं हादसे

भारतीय सेना के अधिकारियों का कहना है कि सर्दियों के महीनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गश्त करना मुश्किल होता है, जिसके चलते पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं और हम अपने कई जवानों को खो चुके हैं। मई 2020 में सिक्किम में हिमस्खलन की चपेट में आने से सेना के दो जवान शहीद हो गए थे।

2019 में हिमस्खलन ने ली 17 जवानों की जान इसके अलावा अक्टूबर 2021 में उत्तराखंड में माउंट त्रिशूल पर एक हिमस्खलन में नौसेना के 5 जवानों की मौत हो गई थी। वहीं केंद्र ने भी संसद में कई बार इस बारे में जानकारी दी है। फरवरी 2020 में केंद्र ने संसद में बताया कि 2019 में सियाचिन ग्लेशियर में हिमस्खलन के कारण सेना के 6 जवानों की मौत हो गई थी, जबकि अन्य जगहों पर इसी तरह की घटनाओं में 11 अन्य मारे गए थे।

# होशंगाबाद आज से नर्मदापुरम

## सीएम शाम को करेंगे नए नाम की घोषणा

नर्मदापुरम। मां नर्मदा के जन्मोत्सव के लिए नर्मदापुरम सजकर तैयार है। मां रेवा के ऐतिहासिक सेठानी घाट सहित शहर के सभी तट रोशनी से जगमगा रहे हैं। नर्मदा तटों को दुल्हन की तरह सजाया गया है, साथ ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर भी साज-सज्जा की गई है। प्राचीन नर्मदा मंदिर में मां नर्मदा का आज जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। शाम को जलमंच से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पत्नी साधना सिंह, मां नर्मदा जी का अभिषेक व पूजन, आरती करेंगे। इसके बाद नर्मदापुरम का नामकरण उत्सव मनाया जाएगा। इससे पहले सोमवार शाम को नर्मदापुरम कमिश्नर माल सिंह, ष्द्धत्र जेएस राजपूत, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, स्क्क डॉ. गुरकरन सिंह सहित जिले के तमाम अधिकारियों ने सर्किट हाउस घाट से सेठानी घाट जलमार्ग पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

## राज्यसभा में बोले, पीएम मोदी

# परिवारवाद डेमोक्रेसी के लिए सबसे बड़ा खतरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण का जवाब दिया।



मोदी के निशाने पर कांग्रेस रही। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिन्होंने देश में इमरजेंसी लगाई, वे लोकतंत्र पर चर्चा कर रहे हैं। इमरजेंसी में लोकतंत्र का गला घोंटा गया।पीएम ने कहा, अगर कांग्रेस न होती, तो देश पर इमरजेंसी का कलंक न लगता। कांग्रेस न होती, तो जातिवाद की खाई न होती। कांग्रेस न होती, तो सिखों का नरसंहार न होता। पीएम मोदी ने परिवारवाद को लेकर भी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा, परिवारवाद लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जब टेलेंट पर परिवार हावी होता है, तो यह दिखाई देता है। कांग्रेस न होती, तो राजनीति परिवारवाद से मुक्त होती।

### अगर कांग्रेस न होती तो सिखों का नरसंहार न होता, पंडित कश्मीर में होते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस नहीं होती तो सिखों का नरसंहार नहीं होता। इसके साथ ही उन्होंने तंज कसते हुए और भी ऐसे कई घटनाओं का जिक्र किया। इस दौरान विपक्ष खासकर कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया।

### पीएम मोदी के भाषण के बीच हंगामा

पीएम मोदी के भाषण पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर राज्यसभा के उपसभापति वेंकैया नायडू ने कहा कि कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। पीएम ने कहा कि लोकतंत्र में सुनाना ही नहीं सुनना भी हिस्सा होता है। उन्होंने कहा कि सालों तक उपदेश दिया है इसलिए सुनने में तकलीफ हो रही है।

# 24 घंटे में 65 हजार नए केस, 1186 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार घट रहे हैं। सोमवार रात 11.30 बजे तक संक्रमण के 65 हजार 261 नए केस सामने आए हैं। इस दौरान 1 लाख 80 हजार 80 मरीज ठीक हुए और 1186 लोगों की मौत हुई है। देश में 20 जनवरी को 3.47 लाख केस आए थे। इस हिसाब से देखे तो डेली केस में पीक से करीब 81त्न की गिरावट आई है। इसे पहले रविवार को कोरोना संक्रमण के 83 हजार 876 नए केस सामने आए थे। इस दौरान 1 लाख 99 हजार 54 मरीज ठीक हुए थे और 895 लोगों की मौत हुई थी। यानी नए केस में 18 हजार से ज्यादा की गिरावट आई है। 5 जनवरी के बाद पहली बार रविवार को देश में नए केस एक लाख से कम हुए थे। फिलहाल, देश में कुल एक्टिव केस, यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 9.85 लाख है। देश में महामारी की शुरुआत से अब तक कुल 4.23 करोड़ लोग संक्रमण की चपेट में आए हैं।





### मप्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 3,945 नए मामले, दो लोगों की मौत

भोपाल। मध्य प्रदेश में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 3,945 नए मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,09,698 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंटों में प्रदेश में दो लोगों की मौत इस बीमारी से हुई है।

# महाभारत के भीम का निधन

**मुंबई।** लता मंगेशकर के निधन के बाद मनोरंजन जगत से एक और बुरी खबर है। महाभारत सीरियल में भीम को रोल निभाने वाले प्रवीण कुमार का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमारी और आर्थिक तंग से जूझ रहे थे। अपने कद-काठी और मजबूत शरीर के दम पर उन्होंने एक खिलाड़ी के रूप में करियर की शुरुआत की थी। फिर हिंदी फिल्मों का रुख किया। कई फिल्मों में विलेन का रोल किया, लेकिन ख्याति मिली महाभारत से, जिसमें भीम का रोल निभाया था। बहुत कम लोगों को पता है कि Praveen Kumar ने अपने एक्टिंग करियर में अमिताभ बच्चन और जितेंद्र जैसे सुपरस्टार्स के साथ भी काम किया। Praveen Kumar की पहली फिल्म 1981 में बनी रक्षा थी। इसी साल उनकी दूसरी फिल्म मेरी आवाज सुनो भी आई।





## न्यूयॉर्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा से तोड़फोड़, भारतीयों में गुस्सा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की गई है। इसके बाद भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोगों में नाराजगी है। इस हरकत की न केवल निंदा की जा रही है, बल्कि यह भी कहा है कि यह गांधी और मार्टिन लूथर किंग का अपमान है, दो नेता जिन्होंने नफरत को मिटाने के लिए काम किया। यह घटनाक्रम शनिवार, 5 फरवरी (स्थानीय समयानुसार) का है। न्यूयॉर्क शहर में महात्मा गांधी की एक आदमकद कांस्य प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की गई। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने भी इसकी आलोचना की और इसे च्घृणितज् कार्य बताया। यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका में गांधी की प्रतिमा को तोड़ा गया है। पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण एशियाई समुदायों में कट्टरपंथी इस्लामवादियों और उनके हमदर्द के साथ जुड़े समूहों द्वारा महात्मा गांधी की मूर्तियों को तोड़ दिया गया है।

# कर्नाटक में हिजाब पर मचा बड़ा बवाल

### उडुपी के कॉलेज में हिजाब पहने लड़कियों ने किया प्रदर्शन

### जवाब में भगवा पहनकर आए स्टूडेंस ने की नारेबाजी

बेंगलुरू। कर्नाटक में स्कूल-कॉलेजों में लड़कियों के हिजाब पहनने पर विवाद बढ़ता जा रहा है। उडुपी में मंगलवार सुबह छात्राओं ने हिजाब पहनकर कॉलेज में प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके जवाब में भगवा दुपट्टे पहने छात्र उनके सामने आ गए। दोनों तरफ से जबर्दस्त नारेबाजी हुई। इसके बाद कॉलेज के प्रोफेसर्स ने मामला संभाला। आज इस मामले को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट में भी सुनवाई होनी है। कर्नाटक में हिजाब को लेकर विवाद 1 जनवरी को शुरू हुआ था। यहां उडुपी में 6 मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनने के कारण कॉलेज में क्लासरूम में बैठने से रोक दिया गया था। कॉलेज मैनेजमेंट ने नई यूनिफॉर्म पॉलिसी को इसकी वजह बताया था। इसके बाद इन लड़कियों ने कर्नाटक हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। लड़कियों का तर्क है कि हिजाब पहनने की इजाजत न देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 25 के तहत उनके मौलिक अधिकार का हनन है। कर्नाटक के कुंडापुरा कॉलेज की 28 मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनकर क्लास अटेंड करने से रोका गया था। मामले को लेकर छात्राओं ने हाईकोर्ट में याचिका लगाते हुए कहा था कि इस्लाम में हिजाब अनिवार्य है, इसलिए उन्हें इसकी अनुमति दी जाए। इन छात्राओं ने कॉलेज गेट के सामने बैठकर धरना देना भी शुरू कर दिया था।



# उत्तराखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

### 48 घंटे में पूरी करें कार्रवाई

## कोर्ट ने कहा-16 साल की रेप पीड़िता को 28 हफ्ते का गर्भ गिराने का अधिकार

**देहरादून।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 16 साल की रेप पीि?ता को 28 सप्ताह 5 दिन के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि दुष्कर्म के आधार पर पीड़िता को गर्भपात का अधिकार है। गर्भ में पल रहे भ्रूण के बजाय दुष्कर्म पीड़िता की जिंदगी ज्यादा मायने रखती है। यह फैसला जस्टिस आलोक कुमार वर्मा की सिंगल बेंच ने सुनाया। कोर्ट ने निर्देश है दिया कि पीड़िता का गर्भपात मेडिकल टर्मिनेशन बोर्ड के मार्गदर्शन और चमोली के ष्टरूाह्र की निगरानी में होगा। यह प्रक्रिया 48 घंटे के भीतर होनी चाहिए। इस दौरान यदि पीड़िता के जीवन पर कोई जोखिम आता है तो इसे तुरंत रोक दिया जाए।यह आदेश इसलिए अहम है, क्योंकि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के तहत सिर्फ 24 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को ही नष्ट किया जा सकता है। गढ़वाल की 16 साल रेप पीड़िता ने पिता के जरिए 12 जनवरी को चमोली में ढ्ढक्क्ष्ट की धारा 376 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के तहत स्नढ्ढक्र दर्ज कराई थी। पीड़िता की सोनोग्राफी के बाद 28 हफ्तों से ज्यादा की प्रेग्नेंसी सामने आई।



## भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति के बंगले में घुसा बाघ

भोपाल। राजधानी भोपाल के व्यस्त कोलार रोड पर स्थित भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति डॉ जयंत सोनवलकर के बंगले के परिसर में एक बाघ भटकते हुए घुस गया। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। सोनवलकर का यह बंगला करीब 25 एकड़ के हरे-भरे क्षेत्र में फैले भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल के परिसर में ही स्थित है। इस परिसर से कुछ ही दूरी पर कलियासोत एवं केरवा क्षेत्र हैं, जो बाघों का इलाके हैं। सोनवलकर ने सोमवार की रात फोन पर बताया, च्हां, मेरे यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में मेरे बंगले के परिसर में बाघ भटकता हुआ दिखा है। बाघ ने चारदीवारी पर फांद कर मेरे बंगले के परिसर में प्रवेश किया ज उन्होंने कहा, च्रविवार तड़के एक से 1.30 बजे के बीच चौकीदार मेरे बेडरूम से सटे गार्डरूम में चले गए। इसी बीच, मुझे अपने बंगले के परिसर में किसी जंगली जानवर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी, तो मैंने चौकीदार से पूछा कि यह कैसी आवाज आ रही है।




## अब पूरी दुनिया में प्रतिबंध की तैयारी

# कैंसर की वजह बन रहे जॉनसन एंड जॉनसन के बेबी पाउडर

**लंदन।** छोटे बच्चों और महिलाओं में फार्मा कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन का टेल्क-आधारित बेबी-पाउडर कभी बहुत लोकप्रिय था। लेकिन इससे कैंसर होने की बात सामने आने के बाद अब यह पूरी दुनिया में प्रतिबंधित हो सकता है। ब्रिटेन में कंपनी के शेयरधारकों ने एकजुट होकर इस पाउडर की बिक्त्रसी पर वैश्विक प्रतिबंध का प्रस्ताव बनाया है। उल्लेखनीय है कि इस पाउडर की वजह से महिलाओं को कैंसर होने के 34 हजार मुकदमे जॉनसन एंड जॉनसन पर चल रहे हैं।अमेरिका में इस पाउडर में एस्बेस्टस का एक प्रकार क्त्रिस्सोटाइल फाइबर मिला था, जिसके बाद इससे कैंसर की आशंका जताई गई यह तत्व कैंसरकारी माना जाता है। हजारों महिलाओं ने उसके पाउडर से बच्चेदानी का कैंसर होने के आरोप में मुकदमे किए। इस पर कंपनी ने सेल घटने का बहाना बना 2020 में अमेरिका व कनाडा में बेबी पाउडर बेचना बंद कर दिया। लेकिन आज भी ब्रिटेन सहित दुनिया के बाकी देशों में इसे बेच रही है। अब ब्रिटेन में एक निवेश प्लेटफॉर्म ट्यूलिपशेयर ने कंपनी के शेयरधारकों की ओर से यह बिक्त्रसी रोकने का प्रस्ताव तैयार किया। शेयरधारक अपने शेयरों को साथ में जमा कर प्रस्ताव के लिए जरूरी शेयर संख्या जुटा रहे हैं। अमेरिका की स्टॉक मार्केट नियामक एजेंसी एसईसी को यह प्रस्ताव भेजा गया है। अप्रैल में कंपनी की सालाना बैठक है, जहां यह प्रस्ताव लाने का प्रयास हो रहा है। अमेरिका में मिजौरी की अदालत ने कैंसर से पीड्ति महिलाओं की 22 याचिकाओं में जॉनसन एंड जॉनसन के खिलाफ निर्णय दिया था।



### मुख्यमंत्री ने महिला स्व-सहायता समूहों को दी सौगात

# 300 करोड़ का कर्ज वितरित

**भोपाल।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूह के सदस्यों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीन सौ करोड़ रुपये के कर्ज का वितरण किया। इसके लिए एक कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे (मिंटो) हाल में आयोजित किया जा रहा है, जहां से मुख्यमंत्री शिवराज इस समय महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों से वर्चुअल संवाद कर रहे हैं।मुख्यमंत्री शिवराज ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया।इस कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज ने महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि बचपन से ही मैंने बेटे और बेटियों के बीच भेदभाव होते देखा है। तभी से दिमाग में यह बात बैठ गई कि मां, बहन और बेटी के सशक्तिकरण के लिए हर संभव कार्य करना है!

## अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस में बड़ा फैसला

# 49 दोषी, 28 को किया बरी



**गांधीनगर।** गुजरात की एक अदालत ने 2008 के अहमदाबाद सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में मंगलवार को 77 आरोपियों में से 10 को बरी कर दिया। अदालत ने पिछले साल सितंबर में सुनवाई पूरी की थी। दिसंबर 2009 में शुरू हुए लंबे मुकदमे में 1,100 गवाहों से पूछताछ की गई थी। इस केस में अब तक कुल 49 आरोपियों को दोषी ठहराया गया और 28 को बरी किया गया है। 26 जुलाई 2008, यही वह दिन था जब 70 मिनट के दौरान 21 बम धमाकों ने अहमदाबाद की रूह को हिलाकर रख दिया। शहर भर में हुए इन धमाकों में कम से कम 56 लोगों की जान गई, जबकि 200 लोग घायल हुए थी। धमाकों की जांच-पड़ताल कई साल चली और करीब 80 आरोपियों पर मुकदमा चला।सीनियर पब्लिक प्रोसिक्यूटर सुधीर ब्रह्मभट्ट ने बताया कि मामले की सुनवाई कर रहे स्पेशल जज एआर पटेल कोरोना संक्रमित होकर आइसोलेशन में चले गए थे, जिसके चलते फैसले की तारीख को 1 फरवरी से बढ़ा दिया गया था। अब वे ठीक होकर लौट आए।

### गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के जवाब में किए गए थे ब्लास्ट

पुलिस ने दावा किया था आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन और बैन किए गए स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया से जुड़े लोगों ने शहर में ब्लास्ट कराए हैं। पुलिस का मानना था कि ढ्ढरू के आतंकियों ने 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के जवाब में ये धमाके किए। 2009 में ट्रायल तब शुरू हुए जब करीब 35 केसों को मिलाकर एक बड़ा केस बनाया गया।

# रीठी से निकली केन नदी की पूरे देश में चर्चा

## केन बेतवा लिंक परियोजना के लिए बजट में प्रावधान के बाद बनी सुर्खियां



**कटनी।** कटनी पन्ना छतरपुर सहित तमाम जिलों की नहीं इन दिनों पूरे देश में चर्चा है केन बेतवा लिंक परियोजना की यह परियोजना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नदियों के जोड़ने के ड्रीम प्राजेक्ट के तहत चर्चा में भी। इस परियोजना से केन नदी तथा बेतवा नदी को जोड़ कर इसका जल उन क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा जहां जल की कमी है, लेकिन आपको पता है कि जिस केन की चर्चा इन दिनों पूरे देश में हो रही है उसका उद्गम स्थल कहां पर है? हम आपको बता दें कि कटनी के रीठी विकासखंड के कैना गांव के पास से यह केन नदी निकली है जो करीब 40 किलोमीटर के बाद अपने विशाल स्वरूप में दिखती है। केन के कटनी से निकलने पर निसंदेह कटनी वासियों को गर्व है लेकिन थोड़ा दुख है कि कटनी जिले की जिस नदी से देश के कई हिस्सों को जल जीवन मिलेगा उससे कटनी जिले को लाभ नहीं मिल सकेगा।

बहरहाल कटनी से सृजित इस नदी की परियोजना को लेकर क्षेत्रीय सांसद ने गत दिवस कटनी प्रवास पर जानकारी दी थी जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के बड़े विजन के साथ अटल जी के सपने को पूरा किया है। केन बेतवा लिंक परियोजना नदी जोड़ो अभियान का पहला प्रोजेक्ट था। उस प्रोजेक्ट को मंजूरी देकर माननीय प्रधानमंत्री जी ने 44605 करोड़ का बजट दिया। इससे बुंदेलखंड की दशा और दिशा बदलेगी। बुंदेलखंड को सुखा बुंदेलखंड कहा जाता था अब हरा-भरा और समृद्ध बुंदेलखंड बनेगा। परियोजना के लिए प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने बुंदेलखंड और खजुराहो संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से प्रधानमंत्री का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना के लिए बजट जारी किया है यह वास्तव में दिशा बदलने वाला बजट है। बुंदेलखंड क्षेत्र में केन बेतवा लिंक परियोजना है, इससे सिंचाई परियोजना से लेकर पीने के पानी की व्यवस्था पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश दानों प्रदेश को मिलेगी। उत्तर प्रदेश का बड़ा क्षेत्र, और मध्य प्रदेश के 11-12 जिले सिंचित होंगे और पीने की पानी की व्यवस्था होगी। प्यासा बुंदेलखंड अब हरा-भरा बुंदेलखंड होगा और पीने के पानी की सुविधा भी मिलेगी।

# अबकी बार मंहगाई वाले वेलेंटाइन की शुरुआत

## 5 से 10 रूपए वाले गुलाब बिके 50 में, गिफ्ट आइटम भी मंहगे



**कटनी।** हर साल की तरह इस साल भी वेलेंटाइन वीक की शुरूआत कल मतलब सोमवार से हो चुकी है। लेकिन इस बार का वेलेंटाइन मंहगाई वाला कहें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। मतलब इस बार का वेलेंटाइन जनता के लिए मंहगाई ही है। बहरहाल कल सोमवार को रोज डे के साथ वेलेंटाइन वीक की शुरुआत हो गई है। समापन 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे से होगा। वीक का हर दिन अलग-अलग तरीके से मनाया जाएगा। पहले दिन यानी रोज डे के लिए शहर में कई जगह कपल्स दिखाई दिये। गुलाब के की दुकानों विशेष तौर पर सुभाष चौक तथा चौपाटी के पास कपल्स देखे गए। कुछ चोरी छिपे तो कुछ सबके सामने प्यार का इजहार कर करते भी दिखे। कोरोना के खतरे को देखते हुए हालांकि बीते दो वर्ष से वेलेंटाइन फीका है लेकिन इस साल कोविड की रफ्तार कम होने से कपल्स खुश हैं। वेलेंटाइन वीक में गुलाब की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में दुकानदारों ने इसकी कीमतें भी बढ़ा दी हैं। आम दिनों में 5 से 20 रुपये में मिलने वाला गुलाब शनिवार को 50 रुपये में बिका। कीमत बढ़ने के बावजूद युवाओं ने हर दिन के लिए अलग-अलग रंग के गुलाब की एडवांस बुकिंग कराई है। लाल और गुलाबी गुलाब की मांग सबसे ज्यादा होती है।

आर्चीज गैलरी के एक संचालक नेबताया कि वेलेंटाइन वीक में गुलाबों की मांग सबसे अधिक होती है। विशेष तौर पर रोज डे के लिए बाहर से गुलाब मंगाए गए हैं। इसके अलावा कृत्रिम गुलाब एवं गोल्ड रोज की अच्छी खासी मांग है।

### कृतिम गुलाब भी पसंद

गुलाब की कीमत जहां 30 रुपये पीस है वहीं कृत्रिम की 95 रुपये एवं गोल्ड रोज की कीमत 99 रुपये प्रति पीस है। फूल व्यापारी राजू ने बताया कि वेलेंटाइन वीक में गुलाब के फूलों की बिक्री बढ़ जाती है। ऐसे में बाहर से गुलाब मंगाए जाते हैं।

### वेलेंटाइन वीक

7 फरवरी रोज डे
8 फरवरी प्रपोज डे
9 फरवरी चॉकलेट डे
10 फरवरी टेडी डे
11 फरवरी प्रॉमिस डे
12 फरवरी हग डे
13 फरवरी किस डे
14 फरवरी वेलेंटाइन डे



# बसंती मौसम में खेल से हो रहे फिट, एसीसी मैदान में शुरू हुआ फुटबाल मैच

**कटनी।** कोविड के डर से शहर उबर रहा है। बसंती मौसम में खेल के कई आयोजन शहर में चल रहे हैं। इसी क्रम में एसीसी मैदाल में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनोज बर्मन की अध्यक्षता में फुटबाल ग्राउंड में आज स्व. सत्यपाल लंबा एवं मेवा लाल जी की स्मृति में फुटबाल मैच का शुभारम्भ किया गया जिसमे मुख्यातिथि गोपाल सर्मा, चीनी चेलानी, सुशील मोटवानी, वीरेंद्र कुमार तीर्थानी आदि उपस्थित रहे आज मैच का शुभा एनकेजे एवं कटनी सिटी के बीच किया गया। मैच काफी रोमांचक था। आयोजको ने बताया कि यहां प्रतिदिन रोमांचक फुटबाल मैच हो रहे हैं। खेल प्रेमी मैच का आनंद लेने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे तथा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें।

# राइजिंग कप क्रिकेट टूर्नामेंट में एमएम स्पोर्ट्स बना विजेता

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने विजेता, उपविजेता को किया पुरुस्कृत




**कटनी।** निवार में खेले जा रहे राइजिंग कप क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रविवार को पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ हुआ। इससे पहले टूर्नामेंट का फाइनल फाइनल मैच हंटर बॉयज निवार और एमएम स्पोर्ट्स कटनी के बीच खेला गया, जिसमें हंटर बॉयज निवार ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए अंशुल 34, राजकिरण सिंह 21 और आकाश त्रिपाठी 22 के सहयोग से 16 ओवर में 100 रन बनाए लव तिवारी ने 6 विकेट चटकाए। जवाब में एम.एम. स्पोर्ट्स कटनी ने 4 विकेट खोकर 12 ओवर में ही जीत के लिए जरूरी 101 रन का लक्ष्य हांसिल किया। जिसमें अयाज 38 रन और आशु 35 रन का योगदान रहा, बॉबी ने 2 विकेट लिए। आशीष दुबे को मैन ऑफ द सीरीज एवं बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट और आशु शुक्ल बेस्ट बैट्समेन और लव तिवारी को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। टूर्नामेंट का पुरुस्कार वितरण समारोह जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवम जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के मुख्य आतिथ्य, ग्राम पंचायत निवार सरपंच शिव कुमार सेन के विशिष्ट आतिथ्य और धीरज जग्गी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें विजेता टीम को 31000 रुपये की राशि एवम् उपविजेता टीम को 15000 रुपए की इनामी राशि मुख्य अतिथि अशोक विश्वकर्मा द्वारा प्रदत्त की गई। मैन ऑफ द सीरीज को पुरस्कार राशि डॉ. सुरेंद्र राजपूत प्राचार्य राजीव गांधी महाविद्यालय रीठी द्वारा एवं नया बैट एचएल स्पोर्ट्स कटनी के हिमांशु लालवानी द्वारा प्रदान किया गया। विजेता ट्रॉफी और अन्य ट्रॉफी एवं निवार टीम को स्पोर्ट्स टीशर्ट स्व.श्रीमती शुभाष जग्गी जी की स्मृति में एवं उपविजेता ट्रॉफी एवं अन्य ट्रॉफी स्व. श्री रवि दुबे जी की स्मृति में प्रदान की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में निवार में स्पोर्ट्स अकादमी खोलने की घोषणा करते हुए निवार की खेल समिति और युवाओं की प्रतिभा को सराहा। इस मौके पर राम सिंह, सुरेंद्र पांडे, योगेश चौबे,प्रशांत दुबे, अमिताभ दुबे, नीतू भैया, गुड्डा चौबे, नितिन पांडेय, अजय माली, तरुण जग्गी, नितिन तुंगल, ऋषि जैन, राजू चौबे आदि की उपस्थिति रही।




# योग साधना कक्ष का उद्देश्य विश्व स्तर पर शांति के वाइब्रेशन को फैलाना

**कटनी।** रोशन नगर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मे नवनिर्मित बाबा की कुटिया योग साधना कक्ष का शुभारंभ सिविल लाईन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन सुमन बहन के नेतृत्व और फादर एलेक्जेंडर फादर रविंद्र जबलपुर से डॉक्टर मुकुंद दास श्रीमती सरस्वती दास भगवान भाई डाक्टर आर एस पंडित डॉ विभा दुबई के नीमा भाई के आतिथ्य में में शिव ध्वजारोहण कर किया गया अतिथियो ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस योग साधना कक्ष का उद्देश्य विश्व स्तर पर शांति के वाइब्रेशन फैलाना है। पूरे विश्व को इसकी बहुत जरूरत है। कार्यक्रम मे दिलीप भाई दिनेश भाई दुर्गा बहन सीमा शिवानी शानू नेहा अनीता बहन बरखा बेबी सबिता बहन का सहयोग रहा अंत मे सुमन बहन ने सभी का आभार व्यक्त किया और सभी को भोग वितरित किया गया

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज


रोजाना 3 शो ता. 11 से 12.30, 3.30 एवं सायं 6.30 बजे से
खिलाड़ी
कलाकार- रवि तेजा, मीनाक्षी चौधरी, सचिन खेड़ेकर, मुकेश ऋषि आदि।

# कठिन परीक्षा के बाद मिलेगा एनसीसी कैड्टस को सर्टिफिकेट

## कटनी में शिविर का शुभारंभ बी एवं सी सर्टिफिकेट प्राप्त करेंगे 125 केडेट्स



**कटनी।** कटनी में एनसीसी में शिविर का हुआ शुभारंभ हुआ यह शिविर बी एवं सी सर्टिफिकेट के लिए हो रहा है जिसमें 125 एनसीसी कैडिट हिस्सा लेंगे। कटनी में 07 फरवरी 2022 से केन्द्रीय विद्यालय , एनकेजे , में 4 एमपी ( स्वतंत्र ) कम्पनी एनसीसी का प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल केबी मृत्युंजय द्वारा 07 से 11 फरवरी 2022 तक बी सर्टिफिकेट एवं दिनांक 07 फरवरी 2022 से 13 फरवरी तक सी सर्टिफिकेट के लिए प्रशिक्षण होगा। जिसे लेने के लिए 125 सीनियर डिवीजन / विंग एनसीसी कैडेट्स ने भाग ले रहे हैं। साथ ही जेसीओ / एनसीओ एवं एनसीसी अधिकारियों द्वारा शिविर में कोरोना एडवाइजरी का पालन करते हुए एनसीसी कैडेट्स को ड्रिल वेपन दैनिंग, मैप रीडिंग एवं अन्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है । एनसीसी के इस सर्टिफिकेट की काफी महत्ता होती है। इसे प्राप्त करने के लिए कठिन ट्रेनिंग से गुजरना पड़ता है। इस तरह की ट्रेनिंग पर रोह हटने के बाद अब यह फिर से प्रारंभ हो रहा है जिसे लेकर कटनी के एनसीसी केडेट्स में काफी उत्साह है।



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 11 से 1,4 एवं सायं 7 बजे से


बधाई दो
कलाकार- राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर शीबा चड्डा, हनी यादव आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 2 दिन
रोजाना 3 शो ता. 28 से 1,4 एवं सायं 7.30 बजे से



PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

# ट्रेनों के रद्द होने से न सिर्फ यात्री परेशान वरन रेलवे के राजस्व को भी भारी क्षति

**कटनी।** कटनी सेक्सन पर ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला जारी है इसी क्रम में आज भी दो ट्रेनें रद्दा हुईं हैं। जबलपुर से हावड़ा जाने वाली शक्तिपुंज एक्सप्रेस सोमवार को रद रहेगी। इस ट्रेन में सफर करने वाले सभी यात्रियों का रिजर्वेशन रद कर दिया गया है। इन्हें रेलवे, यात्रियों की टिकट का सौ फीसदी किराया वापस करने में जुट गया है। सभी आरक्षण केंद्रों में निर्देश दिए गए हैं कि काउंटर से ली गई टिकट का रिफंड किया जाए। दरअसल हावड़ा से जबलपुर आने वाली शक्तिपुंज 11448 आठ फरवरी से रद रहेगी।



इस दौरान ट्रेन में सफर करने वाले लगभग पांच हजार से ज्यादा यात्रियों के रिजर्वेशन रद कर दिए गए हैं। इसके अलावा जबलपुर और कटनी से होकर निकालने वाली आधा दर्जन ट्रेनों को भी रद किया जा रहा है। रेलवे के मुताबिक बिलासपुर रेल मंडल रूपोंद-झलवारा रेलखंड पर तीसरी रेल लाइन जोड़ने का काम चल रहा है। इस वजह से रेलवे ने 6 से 13 फरवरी तक यह काम चलेगा। इस दौरान इस रूट से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनों को रेलवे ने रद कर दिया है। जबलपुर से होकर बलसाड़-पुरी के बीच चलने वाली 22909-10 को भी 10 और 13 फरवरी को रद किया गया है। यह ट्रेन जबलपुर से होकर कटनी और पिपरिया जाती है। इसके अलावा रानीकमलापति से संतरागाछ़ी के बीच चलने वाली हमसफर, उदयपुर-शालीमार, दुर्ग-निजामुद्दीन और दुर्ग-नवतनगा को भी रद किया गया है। इन ट्रेनों में सफर करने वाले लगभग 10 हजार से ज्यादा यात्री के रिजर्वेशन रद किए गए हैं।

नीरज सिनेप्लेक्स में


शानदार 65वें दिन की ओर
रोजाना 1 शो ता. 11 से दोपहर 3 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

# थम जाएंगे हजारों बल्कर और बढ़ेगी बेरोजगारी

## एसीसी कैमोर प्लांट में जल्द रेल्वे से शुरू होगा फ्लाई ऐश का परिवहन

**कैमोर।** एसीसी कैमोर प्लांट में थर्मल पॉवर प्लांटों से फ्लाई ऐश की आपूर्ति करने वाले सैकड़ों बल्कर वाहनों के पहिये अब कभी भी थम जाएंगे। एसीसी सीमेंट प्लांट जल्द ही सड़क मार्ग की जगह रेल्वे से फ्लाई ऐश का परिवहन शुरू करने जा रहा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर तीन बार सफल ट्रायल भी किया जा चुका है। बल्कर वाहनों से फ्लाई ऐश का परिवहन बंद हो जाने से ये बल्कर वाहन खड़े हो जाएंगे। इनके ड्राईवर और खलासी बेरोजगार हो जाएंगे। फ्लाई ऐश परिवहन के इस कार्य में लगे अनेक छोटे बड़े ट्रांसपोर्टर सड़क पर आ जाएंगे। यह स्थिति कैमोर में बेकारी और बेरोजगारी को और बढावा देगी।



उल्लेखनीय है कि सीमेंट प्लांटों में पिछले कुछ सालों से थर्मल पावर प्लांटों से निकलने वाली कोयले की राख का प्रयोग कच्चे माल के लिए किया जाता है। कोयले की राख जिसे फ्लाई ऐश कहा जाता है एक बेहद खतरनाक रासायनिक अपशिष्ट है जो पर्यावरण सहित मानव जीवन के लिए भी बेहद नुकसानदेह माना जाता है। इसका विनष्टीकरण भी सम्भव नहीं है। सीमेंट इंडस्ट्रीज में इसके उपयोग से पहले केवल एस्बेस्टॉस सीट बनाने में ही इसका उपयोग होता था। थर्मल पावर प्लांटों के आस पास ही बांध बनाकर फ्लाई ऐश को ठंडा किया जाता था। नमी खत्म हो जाने के बाद इसकी राख उड़ उड़ कर खेतों की उर्वरा शक्ति को नष्ट करती थी। यही राख अगल नदी नालों में बहती थी तो पानी जहरीला हो जाता था। वैज्ञानिकों ने सीमेंट टेक्नोलॉजी में इसके उपयोग का रास्ता निकाला जो कामयाब रहा। तबसे फ्लाई ऐश का उपयोग सीमेंट प्लांटों में पोजोलोना की जगह होने लगा है। सीमेंट प्लांट अपने नजदीक के थर्मल पावर प्लांट से फ्लाई ऐश का परिवहन करते हैं। फ्लाई ऐश का खुले में परिवहन प्रतिबंधित है इसी कारण इसका परिवहन कैप्सूल आकर के बंद वाहनों से होता है जो बल्कर कहलाते हैं। एसीसी के कैमोर प्लांट में उमरिया जिले के पाली स्थित संजय गांधी ताप विद्युत ग्रह सहित अनूपपुर के पवार प्लांट से फ्लाई ऐश की आपूर्ति होती है। इस कार्य में हजारों बल्कर वाहन लगे हैं। कुछ बड़े तो अधिकांश छोटे ट्रांसपोर्टर इस कार्य से जुड़े हैं। ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों के पास 14 चके से 22 चके वाले भारी बल्कर वाहन भी हैं। अब अगर एसीसी में रेल्वे से फ्लाई ऐश का परिवहन शुरू होता है तो इन हजारों बल्कर वाहनों के पहिये थम जाएंगे। ट्रांसपोर्टर तो बर्बाद होंगे ही ड्राईवर, क्लीनरों के पास भी कोई काम नहीं होगा। अनेक ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियां बैंक लोन में है, उनकी किश्त जमा नहीं हुई तो गाड़ियां बैंक जप्त कर लेंगे। कैमोर के कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने जीवन भर की पूंजी लगाकर बल्कर वाहन खरीदे थे उनके पास भी अब कोई रास्ता नहीं होगा।

### कन्वेयर बैल्ट लगा तब भी बन गए थे ऐसे ही हालात

कैमोर के सीमेंट प्लांट में महगांव माइंस एवं क्रेशर से गिट्टी की आपूर्ति 2003- 04 के पहले तक सड़क मार्ग से ही होती थी। सैकड़ों ट्रक और डम्पर इस कार्य में लगे थे। लोकल ट्रांसपोर्टरों पर गिट्टी परिवहन निर्भर होने पर एसीसी प्रबंधन को इनकी मांगे माननी पड़ती थी। भाड़े में बढ़ोतरी की मांग अक्सर आंदोलन में बदल जाती थी। बाद में एसीसी ने महगांव माइंस से कैमोर प्लांट तक लगभग 10 किलोमीटर लंबे कन्वेयर बैल्ट से गिट्टी परिवहन की योजना बनाई। इस पर काम शुरू हुआ। पहले असम्भव सा लगने वाला यह कार्य 2003 तक बिना किसी बड़ी परेशानी के पूरा भी हो गया। लोकल ट्रांसपोर्टर ने विरोध किया, धरना प्रदर्शन, चक्का जाम भी हुआ अंततः ट्रांसपोर्टरों को पीछे हटना पड़ा। कन्वेयर बैल्ट लग गया और गिट्टी की आपूर्ति बेल्ट से होने लगी।

### वेलस्पन का प्लांट शुरू होता तो पाईप लाईन लगाती एसीसी

कुछ सालों पहले जब बरही के बुजबुजा डोकईया ग्राम में वेलस्पन के 1600 मेगावाट क्षमता के पावर प्लांट का काम शुरू हुआ तब एसीसी की योजना पाईप लाइन बिछाकर फ्लाई ऐश आपूर्ति की थी। जो फ्लाई ऐश आज बिरसिंहपुर पाली और अनुपपुर से लाना पड़ रहा वह एसीसी को बरही में वेलस्पन से ही मिल जाता। पाईप लाइन बिछा देने से ट्रांसपोर्टिंग का व्यय भी खत्म हो जाता पर वेलस्पन का प्लांट शुरू ही नहीं हुआ। अब तो खबर है कि वेलस्पन की जगह अब बरही बुजबुजा में अडानी का पावर प्लांट लगेगा। इस सम्बंध में सरकार से करार भी हो चुका है।



# बसंत पंचमी पर तपस्या ने मां कालिका मंदिर में किया भंडारा

## गुरुद्वारे के भंडारे से प्रेरणा लेकर हर महीने के पहले शनिवार को करते हैं आयोजन



**कैमोर।** कैमोर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था तपस्या सोसायटी द्वारा महीने के पहले सोमवार को पेट्रोल पंप बस स्टैंड स्थित मां कालिका मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाता है। फरवरी महीने का शनिवार इस बार बसंत पंचमी के साथ आया। तपस्या द्वारा इस अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना और वंदना के साथ मां कालिका मंदिर परिसर में भंडारे का कार्यक्रम रखा। भारी संख्या में लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में किसी ने फल भिजवाया तो कोई अपनी शादी की सालगिरह पर पकवान लेकर आया। तपस्या से जुड़ी महिलाओं ने भी इस कार्य मे पूरी सहभागिता निभाई। लोगों को हलुआएपूड़ीएसब्जी एफल और मिठाई भी भंडारे में मिली। संस्था के संचालक मनीष नैवेत ने बताया कि हर रविवार को स्थानीय रविवार को लंगर का आयोजन होता है। भारी संख्या में गरीब परिवार लंगर में आते हैं। यह देखकर उन्हें भी कम से कम महीने में एक दिन ऐसा ही भंडारा आयोजित करने की प्रेरणा मिली। बस स्टैंड कालिका मंदिर क्षेत्र में हर समय गरीबएमजदूरी पेशा लोगों एरिक्शा चालक वर्ग की उपस्थिति को देखकर भंडारे के लिए यह स्थान चुना गया। अब यहां हर महीने के पहले शनिवार को भंडारा आयोजित होगा। अगर सहयोग मिला तो भविष्य में महीने के हर शनिवार को यह आयोजन किया जाएगा।

## सार्वजनिक अवकाश में भी खुलेंगे समस्त उप पंजीयक कार्यालय

**कटनी।**

वरिष्ठ उप पंजीयक कार्यालय जिला पंजीयक कटनी ने बताया कि 1 अप्रैल 2022 से वर्ष 2022-23 की गाईडलाईन लागू की जानी है। इसके लिये उप जिला मूल्यांकन समिति कटनी एवं विजयराघवगढ़ के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। वहीं शीघ्र ही मूल्यांकन समिति की बैठक भी आयोजित की जानी है। उप जिला मूल्यांकन समिति कटनी एवं विजयराघवगढ़ से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर वर्ष 2022-23 की गाईड लाईन दरों में 10 से 25 प्रतिशत की वृद्धि संभावित है। इसी क्रम में जिले के जनसामान्य को महा फरवरी एवं मार्च 2022 में दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधाओं की दृष्टि से 31 मार्च 2022 तक की अवधि में समस्त सार्वजनिक अवकाश (प्रत्येक शनिवार, रविवार, होली अवकाश को छोड़कर) महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार समस्त उप पंजीयक कार्यालय शासकीय कार्य के लिये खोले जा रहे हैं।

# नये सदस्य बनाने घर-घर दस्तक दे रही कांग्रेस

## प्रदेश सचिव श्याम तिवारी कर रहे टोली का नेतृत्व





**कैमोर।** बीते 2 फरवरी से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में कांग्रेस का घर चलो, घर-घर चलो अभियान चलाया जा रहा। एक प्रकार से यह कांग्रेस का सदस्यता अभियान है जिसके तहत प्रत्येक बूथ में कम से कम 50 नये सदस्य बनाने के लक्ष्य को लेकर वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टोली घर-घर दस्तक दे रही। कैमोर नगर में भी कांग्रेस के प्रदेश सचिव, वरिष्ठ श्रमिक नेता श्याम तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस का सदस्यता अभियान चल रहा। कांग्रेस नेता श्याम तिवारी के साथ शाहिद हुसैन, रवि दुबे, सरवर खान, कुक्कू मौलाना, रिंकू चौहान आदि बस्तियों में लोगों से संपर्क कर उन्हें कांग्रेस की नीतियों से अवगत करा रहे। भाजपा सरकार की कमियां गिना रहे। साथ ही साथ लोगो को कांग्रेस का सदस्य भी बना रहे। प्रदेश कांग्रेस सचिव श्याम तिवारी ने बताया कि आम लोग महंगाई, बेरोजगारी से परेशान हैं। क्षेत्र में करोड़ों के उद्योग होने के बाद भी स्थानीय युवा रोजगार के लिए भटक रहा। उन्होंने बताया कि भाजपा के कुशासन से त्रस्त लोग एक बार फिर कांग्रेस की तरफ देख रहे। कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर अनेक लोग स्वेच्छा से पार्टी के सदस्य बन रहे। श्री तिवारी ने बताया कि कांग्रेस का यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा।

# सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर संतुष्टिपूर्ण करें निराकरण-निगमायुक्त



**कटनी।** सीएम हैल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा एवं निराकरण हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा निगम की समस्त शाखाओं के विभागीय अधिकारियों, सहायक यंत्री, उपयंत्री, स्वच्छता निरीक्षकों, अतिक्रमण प्रभारी की बैठक आहूत की जाकर सभी अधिकारियों को अपनें विभागों की लंबित शिकायातों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करानें हेतु निर्देशित किया गया। निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा नगर निगम की विभिन्न शाखाओं पेयजल, यांत्रिकी योजना प्रकोष्ठ, प्रकाश व्यवस्था, सिविल, स्थाई अतिक्रमण, साफ-सफाई स्वास्थ्य सेवांए, सीवेज, भवन अनुज्ञा, जनकल्याणकारी योजनायें, राजस्व, अस्थाई अतिक्रमण, आवारा पशु स्थापना पेंशन, सामान्य प्रशासन, कर्मचारी पेंशन, स्थाई अतिक्रमण से संबंधित 100 दिवसों से अधिक समय से लंबित सी.एम हैल्पलाईन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान प्रकरणों पर आगामी तीन दिवस में उचित कार्यवाही करते हुए संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराकर शिकायतों को बंद करानें के साथ ही उपस्थित अधिकारियों को शिकायतों को रोजाना अटेंड करनें एवं अन्य शाखा से संबंधित शिकायत को संबंधित विभाग के ओर प्रेषित कर सूचित करनें के निर्देश प्रदान किये गए।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को लेकर जिले में शिविरों का आयोजन

**कटनी।** युवा रोजगार की तलाश करने के स्थान पर स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बने इसको लेकर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की गई है। जिसमें युवा वित्तीय सहायता लेते हुए स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते हैं। योजना की जानकारी युवाओं को देने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले में विकासखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग अजय श्रीवास्तव ने बताया कि 8 फरवरी को बड़वारा विकासखंड में जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं 9 फरवरी को बहोरीबंद व 10 फरवरी को ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत में मुख्यमंत्री युवा उद्यम क्रांति योजना शिविर का आयोजन होगा। इसी प्रकार कटनी में शिविर का आयोजन 11 फरवरी को किया जाएगा। महाप्रबंधक ने बताया कि शिविरों के लिए अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

### आवेदन के लिए ये है पात्रता

महाप्रबंधक जिला व्यापार व उद्योग ने बताया कि योजना में पात्रता का निर्धारण भी किया गया है। जिसमें आवेदक को 12वीं पास होना व मध्यप्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है और उसकी आयु आवेदन दिनांक को 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। साथ ही आवेदक आय सीमा 12 लाख रूपये वार्षिक से अधिक न हो। आवेदक स्वयं किसी बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था आदि से डिफाल्टर न हो और वर्तमान में राज्य या केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्व रोजगार योजना का हितग्राही न हो। उन्होंने बताया कि योजना में उद्योग इकाई की परियोजना सीमा 1 लाख 50 लाख रूपये तक है जबकि सेवा व खुदरा इकाई के लिए 1 लाख रूपये से 25 लाख रूपये तक की सीमा निर्धारित की गई है।

## मुख्यमंत्री स्व-सहायता समूहों को 8 फरवरी को देंगे 300 करोड़ की सौगात

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 8 फरवरी को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में गठित स्व-सहायता समूह के सदस्यों को 300 करोड़ रूपये के बैंक ऋण वितरित करेंगे। साथ ही कुछ जिलों के स्व-सहायता समूह सदस्यों से वर्चुअल संवाद भी करेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रातः 10:30 बजे होने वाले इस वर्चुअल कार्यक्रम में सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर समूह सदस्य विभिन्न वर्चुअल माध्यमों से जुड़ेंगे। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश में अब तक आजीविका मिशन से 40 लाख से अधिक ग्रामीण निर्धन परिवारों को लगभग 3 लाख 50 हजार स्व-सहायता समूहों से जोड़ कर बैंक ऋण के रूप में 2,762 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कोरोना काल में ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिये लॉकडाउन के समय से लगातार वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाता रहा है। राशि मिलने से समूह सदस्य अपनी वर्तमान आजीविका को और सुदृढ़ करते हुए आय में वृद्धि करेंगे, जिससे उनकी समृद्धि के द्वार खुलेंगे और उनका आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पहले से बेहतर हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि मिशन में ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत निर्धन परिवारों की महिला सदस्यों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उनका सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा बैंकिंग सेवा प्रक्रिया को सरल करने के उद्देश्य से बैंकों के साथ व्यापक स्तर पर समन्वय स्थापित कर स्व-सहायता समूहों के लिये पर्याप्त बैंक ऋण की उपलब्धता आसान की गई है। स्व-सहायता समूहों के बैंक ऋण प्रकरण सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रस्तुत करने के साथ सघन निगरानी एवं पारदर्शी प्रक्रिया बनाई गई है। बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाने के लिये मिशन द्वारा बैंक शाखाओं में बैंक सखियाँ भी चिन्हित की गई हैं, जो समूह सदस्यों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक संबंधी कार्यों में सहयोग कर रही हैं।

# थीमेटिक ड्राइव के तहत माईनदी घाट पर सामूहिक श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश





**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में सहभागिता की जाकर रोजाना विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों के मध्य स्वच्छता का संदेश प्रसारित किये जाकर जनजागरूकता के प्रयास किये जा रहे है। स्वच्छ सर्वेक्षण की गतिविधियों के तहत माई नदी के घाट में समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद गुसेश्वर साहू, सुश्री लता खरे, उपयंत्री रवि हनोते सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं सहित नियुक्त सहयोगी संस्था के सदस्यों की उपस्थिति में विशेष थीमेटिक ड्राईव का आयोजन कर श्रमदान अभियान चलाया जाकर घाट की सफाई की गई। अभियान के दौरान स्वच्छता के जोरदार नारों के साथ माई नदी पुल के दौनों ओर स्थित घाटों की सीढियों सहित पुरानें पुल के ऊपर एवं आसपास के क्षेत्र से लगभग 25 कैरीबैग अपशिष्ट की सफाई की जाकर स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों द्वारा अपनें घरों के आसपास पर्याप्त साफ सफाई बनाये रखनें एवं स्वयं गंदगी न करनें व इस हेतु दूसरों को भी प्रेरित करनें की शपथ दिलाई गई।



# बसंत पंचमी का उत्सव पर बिखरे रंग

**कटनी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, कटनी में वसंत पंचमी का उत्सव बड़े धूमधाम एवं पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रार्थना सभा में माँ सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की गई। स्कूल की उपप्राचार्या ने सर्वप्रथम ज्योति जलाई व माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प व धूपदीप से पूजा की। वसंत का महत्व बताए जाने के साथ ही स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने विधिवत पूजा की। सभी छात्रों ने सरस्वती वंदना की माता जी की भव्य आरती हुई तथा पूरे विद्यालय परिवार ने माँ सरस्वती को पुष्पांजलि दी। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन जी सभी छात्रों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ज्ञानदायिनी माता सरस्वती छात्रों में नई शुरुआत के लिए एक नई ऊर्जा का पुनः संचार करें ताकि बच्चों का अग्रिम भविष्य उज्जवल हो।

# राशन पर्ची से जुड़ी समस्याओं का कराएं निराकरण-सीईओ

**कटनी।** खाद्य विभाग से संबंधित हितग्राहियों के नाम जोड़ने, राशन पर्ची से जुड़ी शिकायतों के निराकरण में विभागीय अमला समन्वय स्थापित करते हुये करे निराकरण की कार्रवाई। सभी एसडीएम इस कार्य की मॉनीटरिंग करें। इस कार्य के लिये अनुविभाग स्तर पर फूड विभाग के अधिकारी जनपद या एसडीएम कार्यालय में बैठक कर इस कार्य को प्राथमिकता पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश सोमवार को सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होने सीएम हेल्पलाईन, सीएम मॉनिट, समाधान ऑनलाईन, 100 दिवस, 300 दिवस सहित अन्य विषयों व लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये।



इस अवसर पर अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र सिंह धाकरे भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे ने नोडल एवं प्राचार्य शासकीय आईटीआई को दिये गये निर्देशों पर संबंधित संस्थानों के रिकॉर्ड एवं जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। वहीं 300 दिवस से अधिक लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुये श्री गोमे ने कहा कि ऐसे प्रकरणों में सीधे जिलास्तर के अधिकारी सुनवाई करें। इसके लिये प्रक्रिया निर्धारित करते हुये प्रकरणों का निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करें। समीक्षा में जिले अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में प्राचीन जलसंरक्षण संरचनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम पर्यटन की दृष्टि से ऐसे स्थलों की जानकारी ग्रामस्तर से एकत्रित करें और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिये प्रस्ताव भी तैयार कर प्रस्तुत किये जायें। वेक्सीनेशन कार्य की समीक्षा करते हुये सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि जिले के समस्त क्षेत्रों में शेष बचे 15 से 18 आयुवर्ग के किशोर-किशोरियों का वेक्सीनेशन पूर्ण करायें। उन्होने कहा कि इस कार्य के लिये समग्र पोर्टल से आवश्यक जानकारी निकालें और शेष बचे लोगों को वेक्सीनेट करने की कार्रवाई करें। श्री गोमे ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि इस कार्य पर फोकस करें, आवश्यकता अनुसार कैम्प भी क्षेत्रों में लगाकर शत-प्रतिशत वेक्सीनेशन की कार्यवाही करें। इसके साथ ही बैठक में श्री गोमे ने अंकुर अभियान, रोजगार मेले, जलजीवन मिशन, मुख्यमंत्री जी द्वारा ली जाने वाली कलेक्टर्स कमिश्नर्स कॉन्फ्रेन्स के पालन प्रतिवेदन तथा एजेण्डानुसार आवश्यक कार्रवाई करने सुनिश्चित करने के लिये विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं गेहूं उपार्जन में किसानों के पंजीयन कार्य की प्रगति की भी जानकारी ली। समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सेल्फी प्वाइंट से कटनी का दिल निकाल ले गए चोर







**कटनी।** मॉडल रोड पर कटाएघाट मोड़ व माधवनगर गेट के बीच प्रशासन द्वारा शहरवासियों के लिए विकसित किए गए सेल्फी प्वाइंट को भी चोरों ने नहीं बख्शा और यहां से कटनी का दिल चोरी करके ले गए। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व जिला प्रशासन व नगर निगम प्रशासन के द्वारा कटाएघाट मोड़ व माधवनगर गेट के बीच शहरवासियों के लिए एक अच्छा सेल्फी प्वाइंट विकसित कराया था। शुरूआत में तो सेल्फी प्वाइंट की अच्छी तरह देख रेख की गई लेकिन जैसे-जैसे समय गुजरा तो सेल्फी प्वाइंट को लावारिस छोड़ दिया गया। अब हालात ये हैं कि न तो सेल्फी प्वाइंट की अच्छी तरह से साफ-सफाई हो रही है और न ही सेल्फी प्वाइंट के बाजू से लगाई गई बगिया के पेड़ पौधों को नियमित पानी दिया जा रहा है। जिसके कारण बगिया में लगे पेड़ पौधे भी सूख रहे हैं। वहीं दूसरी ओर चोर, उच्चके व उठाईगिरों की नजर भी अब सेल्फी प्वाइंट को लगने लगी है। बीते दिनों बदमाश सेल्फी प्वाइंट में लगाया गया कटनी का दिल ही निकाल कर ले गए।



## लापता पत्नी को खोजने पुलिस से शिकायत

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत निवासी 40 वर्षीय दुर्गेश कुशवाहा ने 4 फरवरी को महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि पूर्व में कुछ लोगों द्वारा उसकी पत्नी से विवाद किया था। पारिवारिक मदद न मिलने के चलते सुरक्षा को लेकर वह दुर्गेश ने पत्नि को इंदौर में पत्नि के एक दोस्त के यहां 27 जून 21 को छोड़ आया था। 26 जुलाई तक बात हुई है, इसके बाद संपर्क नहीं हो पा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र का एक युवक व इंदौर का एक युवक उसकी पत्नि को गुमराह करते हुए गायब कर दिए है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी इसकी शिकायत कर जांच कराने की मांग की है।

### दरवाजा तोड़कर नगदी सहित खेल सामग्री पार और जमकर की तोड़फोड़

## रेलवे मनोरंजन गृह में चोरों का धावा



**कटनी।** शहर में चोरों का साम्राज्य फैला है। चोर बेखौफ होकर सूने मकानों, कार्यालयों को निशाना बना रहे हैं। ऐसा ही ही एक मामला फिर सामने आया है। लालग्राउंड के समीप स्थित रेलवे के क्लब (रेल मनोरंजन ग्रह) में चोरों ने धावा बोला है। चोरों ने नगदी सहित न सिर्फ कीमती सामग्री पार की है बल्कि जमकर तोड़फोड़ की है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात चोर क्लब के मुख्य गेट को फांदकर अंद पहुंचे। मुख्य दरवाजा को तोड़कर उसमें सेंधमारी की और फिर सचिव कक्ष का दरवाजा तोड़ा। वहां पर आल्मारी में रखे 38 रुपये नगद, कैरम स्टैंड, पर्दे, बैडमिंट, बैट, मैट चिपकाने वाला कीमती सैल्यूशन आदि पार कर दिया है। इस दौरान चोरों ने जमकर उत्पात मचाया है। दो दरवाजों को तोड़ दिया है व आलमारियों में भी जमकर तोड़फोड़ की है। क्लब के सचिव गार्ड लखन यादव हैं। गौरतलब है कि रेलवे कॉलोनी में बना यह क्लब असुरक्षित है। हैरानी की बात तो यह है कि यह रेलवे का क्लब है और इसकी बागडोर निजी हाथों में हैं। जिसके चलते इसकी ठीक से केयर टेकर संजय यादव नामक व्यक्ति को बनाया गया है जो यहां खेलने के लिए पहुंचने वाले खिलाड़ियों से शुल्क वसूली आदि का काम करते हैं। चोरी की शिकायत आरपीएफ में की गई है। आइओडब्ल्यू शैलेष गुप्ता ने कहा कि इसकी जानकारी मिली है। शिकायत थाने में कराई गई है।




## लुरमी में बाघ की चहलकदमी ग्रामीणों में दहशत

**कटनी।** जिले के बड़वारा-बरही वन परिक्षेत्र से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का बफर जोन लगा हुआ है। जिसके चलते आए दिन बाघों का मूमेंट बना रहता है। एक बार फिर बरही क्षेत्र के ग्राम लुरमी के समीप बाघ को ग्रामीणों ने देखा है। बाघ को सड़क पार करते समय रविवार की शाम कुछ लोगों ने देखा, जिसे अपने कैमरे में कैद किया है। वहीं बाघ के नजर आने से लोगों में दहशत का भी माहौल है। गौरतलब है कि लुरमी के आपास बगैहा मोड़, बगधरी, बैकवाना, पिपरिया, रामपुर, सिरौंजा आदि गांव हैं। ऐसे में लोगों में दहशत है, खासकर किसानों को ज्यादा डर सता रहा है। इस मामले को लेकर रेंजर डॉ. गौरव सक्सेना का कहना है कि झिरिया के आसपास बाघ का मूमेंट बना हुआ है। लोग सावधानी रखें। बफर जोन के कारण बाघ पहुंच रहे हैं।

## रेलवे ने शुरू किया ट्रेनों का स्टेंड्राइजेशन

### कटनी होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों में शयनयान की जगह बढ़ाए गए एसी कोच






**कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे से प्रारंभ व टर्मिनेट होने वाली तथा कटनी होकर चलने वाली कई यात्री गाड़ियों में ट्रेनों का मानकीकरण (स्टेंर्डडाइजेशन) करने के लिए शयनयान एवं सामान्य श्रेणी के कोचों के स्थान पर वातानुकूलित द्वितीय एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के कोचों को लगाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेनों का मानकीकरण करने के बाद परवर्तित गाड़ियों का कॉम्पोजिशन 01 जून 2022 से लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें से कई गाड़ियां कटनी होकर गुजरती है। गाड़ी संख्या 22937/22938 राजकोट-रीवा-राजकोट एक्सप्रेस में 02 शयनयान श्रेणी के स्थान पर 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है।

वहीं गाड़ी संख्या 20905/20906 एकतानागर(केवडिया)-रीवा-एकतानागर (केवडिया) महामना एक्सप्रेस में 01 शयनयान श्रेणी के स्थान पर 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20903/20904 एकतानागर (केवडिया)-वाराणसी-एकतानागर (केवडिया) महामना एक्सप्रेस में 01 शयनयान श्रेणी के स्थान पर 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है। इसी तरह गाड़ी संख्या 22967/22968 अहमदाबाद-प्रयागराज-अहमदाबाद एक्सप्रेस में 01 सामान्य श्रेणी के स्थान पर 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20929/20930 उदना-बनारस-उदना एक्सप्रेस में 02 सामान्य श्रेणी के स्थान पर 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है। वहीं गाड़ी संख्या 20933/20934 उदना-दानापुर-उदना एक्सप्रेस में 02 सामान्य श्रेणी के स्थान पर 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22971/22972 बांद्रा टर्मिनस-पटना-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस में 02 शयनयान श्रेणी के स्थान पर 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है। गाड़ी संख्या 19051/19052 बलसाड-.मुजफ्फरपुर-बलसाड एक्सप्रेस में 02 शयनयान श्रेणी के स्थान पर 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है। वहीं गाड़ी संख्या 22911/22912 इंदौर-हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस में 02 शयनयान श्रेणी के स्थान पर 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19421/19422 अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस में 01 शयनयान श्रेणी एवं 01 सामान्य श्रेणी के स्थान पर 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19489/19490 अहमदाबाद-गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस में 02 सामान्य श्रेणी के स्थान पर 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है।



## शिकायत लेकर पहुंचे युवक पर थाने के अंदर हमला

### बकरे-बकरियों के तस्करों की पुलिस के सामने गुंडई

**कटनी।** एक जागरुक युवक को बकरा-बकरियों की अवैध रूप से हो रही तस्करी रुकवाना भारी पड़ गया है। तस्करों ने युवक के साथ जमकर मारपीट की और जब पीड़ित सुरक्षा की मांग को लेकर कोतवाली थाना पहुंचा तो वहां पर भी तस्करों ने हमला बोल दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों पर संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक 37 वर्षीय हसनाथ कबीर निवासी सैय्यद बाबा मजार गली मिशन चौक ने बताया कि पूर्व में कई बार उन्होंने अवैध तरीके से हो रही बकरा-बकरियों की तस्करी पर कार्रवाई कराई है। आरोप लगाया है कि यह तस्करी सफीक अहमद, मुस्तकीम अहमद, मुफीद अहमद द्वारा बकरा बकरियों की तस्करी कराई जा रही थी। कार्रवाई कराने पर रंजिश रखने लगे और सोमवार दोपहर में जब वह मिशन चौक में प्लाट की सफाई करा रहा था, वहां पर तीनों ने आकर हमला बोल दिया। जब सुरक्षा की मांग को लेकर कोतवाली थाना पहुंचे और कोतवाली टीआई को समस्या बताई और जैसे ही चेम्बर बाहर निकला इसके बाद फिर हमलावरों ने हमला बोल दिया। इस दौरान पुलिस ने बीच-बचाव किया और दोनों पक्षों को लॉकअप के अंदर डाल दिया। हालांकि पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## इंदौर में मिली बड़वारा से लापता बालिका

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र से लापता एक 15 वर्षीय किशोरी को इंदौर से दस्तयाब कर पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा है। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि धारा 363, 366 के मामले में 15 वर्षीय नाबालिक बालिका इंदौर में होने की सूचना प्राप्त हुई। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा टीम रवाना कर नाबालिक बालिका को इंदौर जाकर दस्तयाब कर न्यायालय से धारा 164 के कथन लेख कराकर बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, उनि के के सिंह, मानकी इनवाती, नंदकिशोर पटेल, सैनिक मंगल प्रसाद कचेर की भूमिका रही।

01.08.1933 **दसवीं पुण्यतिथि** 08.02.2013

**वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीड़ पराई जाने रे**
**पर दुख्खे उपकार करे तोये, मन अभिमान न आने रे**



**श्री सूर्यभान सिंह यादव (यादव गुरूजी)**

**श्रद्धांजलि**


यदि आप तक समय पर यश भारत नही पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**बेचना है**
आवासीय भूखंड क्षेत्रफल 56.5x वर्गफुट डायवर्टेड झिंझरी पुलिस लाइन के पास विक्रय करना है। वास्तविक खरीददार संपर्क करें
मो. 9329818900

**JOB OPENING**
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
**The Dinesh Goods Transport Co.**
**Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.**
**For Application**
Contact- Ayush Jain
**Mo. 8989020207**

**बेचना है**
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.





सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

**रत्ना मैरिज गार्डन**
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था





पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

**देवपद** स्किन एवं हेयर क्लीनिक
**डॉ. कनिका अग्रवाल**
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

ROYAL VINTAGE
for Bride-Groom Entry & Auspicious Program
केवल 16000 में
Hire Vintage Car for Wedding
**Vintage Car Rent**
स्पेशल डिस्काउंट







Contact us @ Katni : Mr. Ajay 9754005830, 9575796008

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009





U-TURN
END OF THE Season SALE
UPTO 50% Off
On Selected Merchandise
CITY U-TURN, 1st & 2nd floor, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.) Tel : 07622 422412



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)